प्रतियोगिता

तैराकों ने संभागीय स्तर पर बनाई जगह

# जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन



**नवभारत, जबलपुर।** जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला शिक्षा क्रीड़ा अधिकारी मधुमिता हाजरा के निर्देशन में संयोजक प्राचार्य मीनल मंधान जी. डी. गोयनका इंटरनेशनल स्कूल, एकता मार्केट, बरेला रोड में 'जिला स्तरीय शालेय तैराकी प्रतियोगिता 2026' प्रारंभ हुई। प्रतियोगिता में विशिष्ट अतिथि डायरेक्टर हरकरन सिंह एवं विशिष्ट अतिथि चंदन सिंह यादव अध्यक्ष रोटरी क्लब वेस्ट, सचिव वेदप्रकाश चौबे एवं जिला तैराकी संघ जबलपुर के अध्यक्ष संजय पटेल, डीईओ प्रतिनिधि रॉबर्ट मार्टिन ने प्राचार्य मीनल मंधान के साथ स्विमिंग पूल का पूजन किया। स्वागत बेला में क्रीड़ा प्रभारी प्रतीक यादव, नंदन बर्मन, नित्या कुशवाहा ने उपस्थित अतिथि जन का स्वागत किया। अपने उद्बोधन में प्राचार्य मंधान ने प्रतियोगिता को शानदार तकनीक से व्यवस्थित सम्पन्न कराने के लिए सुनील कुमार पटेल सह सचिव मध्य प्रदेश तैराकी संघ एवं उनकी पूरी टीम की प्रशंसा की। इसके साथ ही उन्होंने प्रतियोगिता में विजेता बालक बालिकाओं को आगामी माह ग्वालियर में मप्र राज्य स्तरीय तैराकी (एक्वाटिक) चैंपियनशिप में विजेता होने का आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम का संचालन सुनील कुमार पटेल एवं क्रीड़ा प्रभारी प्रतीक यादव ने किया। शुक्रवार को प्रतियोगिता के तकनीकी अधिकारी नवराज सिंह, नीतेश कछवाहा, सिमोन पटेल (खेलो इंडिया रेफरी), प्रसन्न कुशवाहा, सार्थक पटेल, शिवम पटेल, नंदन बर्मन, अमन लोधी, आशीष पटेल, सिद्धांत पटेल, दीपांशु शुक्ला, आदित्य लोधी, शिवम श्रीवास्तव, शिवा सेन, दिया मेहरा, अशोक रजक, जगदीश सिंह और अजीत सिंह रहे। शुक्रवार की प्रतियोगिता में 14, 17, 19 वर्ष के बालक-बालिकाओं ने तैराकी विधा फ्री स्टाइल, बैक स्ट्रोक, ब्रेस्ट स्ट्रोक, बटर फ्लाई में उल्लेखनीय प्रदर्शन कर संभागीय शालेय तैराकी प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया।

### बालक वर्ग प्रतियोगिता के परिणाम

बालक 14 वर्ष वर्ग में आगम जैन, हरजीत सिंह, अभिनव सिंह, अभिमन्यु शर्मा, अदम्या पाण्डे, प्रनय नाहिर, तनिष्क झारिया, सिद्ध जैन, वीर अधिराज पुरी और अनय जायसवाल विभिन्न श्रेणियों में शीर्ष स्थान पर रहे। बालक 17 वर्ष वर्ग में आरव विश्वकर्मा, अथर्व शर्मा, आरव जैन, मानव सिंह, आदर्श राय, कबीर जैन, आर्यन दुबे, समर्थ खरे, यश, सोहम जैन, ऋत्विक बाफना, शाश्वत, अनिकेत, फराज खान और रुद्र नील ने जीत दर्ज की। बालक 19 वर्ष वर्ग में रोहन अम्बूरे, आदित्य मिश्रा, गौरव राजपूत, सरकार शेर सिंह और युवराज ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

### बालिका वर्ग प्रतियोगिता के परिणाम

बालिका 14 वर्ष वर्ग में अनाया राव, अरायना राजपाल, अंशिका शर्मा, लक्षिता तिवारी, मुदस्सिर अंसारी, दर्शनी, शिविका, आद्या पचौरी, शिवांजलि, आन्या, अनुष्का और आदर्शनी ने उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया। बालिका 17 वर्ष वर्ग में त्रिशा दुबे, काव्या मेहरा, इरा तिवारी, गौरिका जैन, रशिता रजक, अहान्या पासी, लक्षिता, शेरा दुबे और आख्या जैन विभिन्न विधाओं में विजयी रहीं। बालिका 19 वर्ष वर्ग की स्पर्धाओं में परी राय ने 50, 100, 400 मीटर फ्री स्टाइल में, वर्णिका सोनी ने



# राष्ट्रबोध और आत्मविश्वास पर हुआ सार्थक विमर्श

इंडिया से भारत विषय पर मंथन

**नवभारत, जबलपुर।** महाराष्ट्र व्यायाम शाला में आयोजित मासिक व्याख्यान माला मंथन के 79वें अंक अमृत महोत्सव शुभारंभ हुआ। तीन दिवसीय आयोजन के पहले दिन प्रमुख वक्ता प्रशांत पोल ने 'इंडिया से भारत' विषय पर व्याख्यान देते हुए भारत की सांस्कृतिक पहचान, राष्ट्रीय चेतना और आत्मनिर्भरता के विभिन्न आयामों पर विचार रखे।

अपने उद्बोधन के दौरान उन्होंने कहा की किसी भी राष्ट्र की प्रगति केवल आर्थिक विकास से नहीं, बल्कि नागरिकों के आत्मविश्वास, सांस्कृतिक चेतना और अपनी सभ्यता पर गर्व की भावना से भी तय होती है। अपने संबोधन में उन्होंने स्वतंत्रता के बाद से देश की विकास यात्रा, बदलते वैश्विक परिदृश्य और वर्तमान भारत की भूमिका पर भी विस्तार से प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में संस्था के मार्गदर्शक मंडल के वरिष्ठ सदस्य शरद पाठक ने प्रशांत पोल का स्वागत किया, जबकि वरिष्ठ प्रशिक्षक मनोहर पंगेरकर ने उन्हें स्मृति-चिह्न एवं मानधन भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन कार्यकारिणी सदस्य रविन्द्र तुंगार ने किया एवम आभार संरक्षक सदस्य आर.बी. सोनी ने व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्था के उपाध्यक्ष शरद आठल्ये, सचिव अविनाश हल्बे सहित बड़ी संख्या में सदस्य एवं शहर के प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन हनुमानजी की आरती और महाप्रसाद वितरण के साथ हुआ।

## एक नजर में

### पाथेय संस्था द्वारा डॉ. मृदुला सिंह की दो कृतियों का विमोचन आज

**नवभारत, जबलपुर।** पाथेय संस्था



के तत्वावधान में आज 1 अगस्त को शाम 7:15 बजे से रसल चौक स्थित होटल अरिहंत पैलेस में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. मृदुला सिंह की दो कृतियों 'संस्कृति-संस्मरण और सिनेमा' तथा 'अभिनंदन के पन्ने' का लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया है। इस मौके पर संयोजक राजेश पाठक प्रवीण ने बताया कि भाषा विज्ञानी, हिंदी एवं बुंदेली मनीषी डॉ. पूरनचंद श्रीवास्तव की जन्म-स्मृति को समर्पित समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. के.पी. शुक्ल होंगे और अध्यक्षता डॉ. कृष्णकुमार दुबे करेंगे। कार्यक्रम में सारस्वत अतिथि डॉ. मीना गुप्ता एवं डॉ. तनूजा चौधरी एवं स्वागताध्यक्ष अरुण सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। इस अवसर पर साहित्य एवं संस्कृति के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए मनेन्द्रगढ़ की इंद्रा सेंगर व एन.एस. बिसेन और जबलपुर की सुधा शुक्ला को सम्मानित किया जाएगा।

### पमरे मुख्यालय में मनाई गई मुंशी प्रेमचंद की जयंती

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय में शुक्रवार को हिंदी साहित्य के महान साहित्यकार एवं उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की 146वीं जयंती श्रद्धा और गरिमा के साथ मनाई गई। महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह के संरक्षण तथा मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी एम.एस. हाशमी के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ उप मुख्य राजभाषा अधिकारी विवेक कुमार गुप्ता ने मुंशी प्रेमचंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यालय स्थित सांस्कृतिक अकादमी के नाट्य कलाकारों ने प्रेमचंद की कालजयी कहानी 'ईदगाह' का प्रभावशाली वाचन प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थितजनों ने सराहा। इस अवसर पर हिंदी प्रेमियों ने प्रेमचंद के जीवन, व्यक्तित्व, कृतित्व और साहित्यिक योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए।

# बिजली कंपनियों में अनुकंपा नियुक्ति देने की मांग

**नवभारत, जबलपुर।** मध्यप्रदेश ऊर्जा विभाग के अधीन आने वाली सभी बिजली कंपनियों में कार्यरत संविदा आधारित अनुकंपा आश्रितों को नियमित नियुक्ति देने और उनके नियमों में व्याप्त विसंगतियों को दूर करने की मांग मध्यप्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन द्वारा उठाई गई है। इस संबंध में फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी पी पाठक ने कहा कि ऊर्जा विभाग द्वारा जारी आदेश में अनेक विसंगतियां होने के कारण संबंधित कर्मचारी बहुत हताश और परेशान हैं। यदि इन विसंगतियों को समय रहते दूर नहीं किया गया तो वर्षों से इंतजार कर रहे इन अनुकंपा आश्रितों को नियमित नियुक्ति का समुचित लाभ नहीं मिल पाएगा। चूंकि सभी बिजली कंपनियों में मध्यप्रदेश शासन के सारे नीति-नियम और कानून लागू होते हैं, इसलिए राज्य शासन के आदेश के अनुसार ही कर्मचारियों और पेंशनर्स को सभी प्रकार के लाभ मिलने चाहिए।

### वेतन संरक्षण और वरिष्ठता लाभ देने की अपील

इस दौरान राकेश डी पी पाठक ने मांग की है कि इन कर्मचारियों को मूल नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता का लाभ प्रदान किया जाए तथा वेतन संरक्षण सुनिश्चित किया जाए जिससे किसी भी कर्मचारी के वेतन में कमी न हो। इसके साथ ही संविदा सेवा अवधि को वेतन निर्धारण एवं पदोन्नति में जोड़ा जाए और अनुकंपा के आधार पर वृत्ताकार वेतन निर्धारण व वार्षिक वेतन वृद्धि प्रदान की जाए। उन्होंने ऊर्जा मंत्री, ऊर्जा सचिव, सीएमडी पावर मैनेजमेंट कंपनी और सभी एमडी से अनुरोध किया है कि 15 वर्षों से कार्यरत कर्मियों को नियमित अनुकंपा आश्रितों की नियुक्ति से सीपीसीटी पात्रता में पूर्ण रूप से छूट प्रदान की जाए। साथ ही मध्यप्रदेश शासन द्वारा अनुकंपा आश्रितों के लिए जारी आदेश के अनुसार उन्हें नियुक्ति देने के साथ आगामी तीन वर्ष के लिए सीपीसीटी करने का जो समय प्रदान किया जा रहा है, उसे सभी बिजली कंपनियों में भी अविलंब लागू कराकर नियमित नियुक्ति प्रदान की जाए। ये कर्मचारी सीपीसीटी लागू होने के पूर्व से अपनी सेवाएं दे रहे हैं जिन्होंने कार्यानुभव के आधार पर अपनी दक्षता सिद्ध की है, इसलिए प्रथम नियुक्ति दिनांक के अनुसार इनके अनुभव को सीपीसीटी के समकक्ष मानते हुए पूर्ण रूप से छूट प्रदान की जाए और इनके मन में भविष्य को लेकर व्याप्त असुरक्षा की भावना को दूर करने के लिए तत्काल इन विसंगतियों को दूर किया जाए।

## गोविंद दास यादव और अतिश बाजपेई को दी गई विदाई

**नवभारत, जबलपुर।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के गोविन्द दास यादव 38 वर्षों और मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के अतिश बाजपेई 40 वर्षों की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए है। इस अवसर पर उनके सम्मान में जनसम्पर्क विचार मंच द्वारा एक विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान मंच के अध्यक्ष राकेश पाठक और उपाध्यक्ष कमलेश पटेरिया ने सेवानिवृत्त होने वाले दोनों कार्मिकों के उत्कृष्ट सेवाकाल की सराहना की और स्मृति चिन्ह भेंटकर दोनों को सम्मानित किया। गोविंद दास यादव ने अंतरक्षेत्रीय विद्युत हॉकी प्रतियोगिता में केंद्रीय कार्यालय का प्रतिनिधित्व भी किया था। सेवानिवृत्त कार्मिकों ने अपने चार दशक के कार्यकाल में वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन और सहकर्मियों के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया।

# मुख्य महाप्रबंधक संजय भागवतकर को दी गई विदाई

**नवभारत, जबलपुर।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक संजय भागवतकर के सेवानिवृत्ति अवसर पर शक्ति भवन स्थित कंपनी के बोर्ड रूम में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें प्रबंध संचालक गुप्ता ने संजय भागवतकर के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके योगदान एवं कार्यशैली की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि भागवतकर ने कंपनी में अपने दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करते हुए महत्वपूर्ण योगदान दिया है तथा उनके कार्य के प्रति समर्पण और अनुभव की सराहना करते हुए उनके सेवानिवृत्त जीवन के लिए कंपनी परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं। समारोह में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी भागवतकर को सेवानिवृत्ति पर शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ, सुखमय, आनंदमय,



समृद्ध एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की कि वे अपने परिवार के साथ सुखपूर्वक जीवन व्यतीत करें। इस अवसर पर संजय भागवतकर के परिजन भी विशेष रूप से उपस्थित रहे तथा उनके साथ ही कंपनी मुख्यालय से अध्यक्ष (उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम) आशीष शुक्ला, स्टाफ अधिकारी देव कुमार बाबरिया, कार्यपालन अभियंता संजय कुमार देवलिया, वरिष्ठ शीघ्रलेखक रजनीश कुमार खंपरिया एवं वरिष्ठ लाइन परिचारक कोमल सिंह शिवेदी भी सेवानिवृत्त हुए। इस विदाई समारोह में कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक (वाणिज्य) अशोक सिंह धुर्वे, मुख्य महाप्रबंधक (भंडार एवं क्रय) ए.के. तिवारी, मुख्य वित्तीय अधिकारी गोरीश कुमार वारमाटे, मुख्य महाप्रबंधक (संचा./संधा.) संजय निगम, मुख्य महाप्रबंधक (आईटी) प्रशांत गुप्ता, मुख्य अभियंता (जबलपुर क्षेत्र) एस.के. गिरिया सहित कॉरपोरेट कार्यालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विधायक के घर शिक्षक से बाबू का काम कराने को चुनौती, हाईकोर्ट ने राज्य सरकार सहित अन्य से मांगा जवाब

**नवभारत, जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट में एक शिक्षक से विधायक के घर बाबू का काम कराये जाने को चुनौती दी गई है। दायर मामले में सीधी जिले के एक माध्यमिक शिक्षक की विधायक रीति पाठक के यहां लिपिकीय कार्य के लिए पदस्थापना को कटघरें में रखा गया है। एक्टिंग चीफ जस्टिस विवेक रूसिया और जस्टिस प्रदीप मित्तल की युगलपीठ ने मामले में राज्य सरकार सहित अन्य को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

यह जनहित याचिका सीधी जिले की गोपद बनास तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत चौफल कोठर की सरपंच शोभा यादव की ओर से दायर की गई है। जिसमें कहा गया है कि गांव के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में हीरालाल यादव माध्यमिक शिक्षक के पद पर पदस्थ थे। आरोप है कि जिला प्रशासन के आदेश के बाद उन्हें विधायक रीति पाठक के यहां लिपिकीय कार्य के लिए पदस्थ कर दिया गया। याचिकाकर्ता का कहना है कि शिक्षक का मूल दायित्व स्कूल में विद्यार्थियों को पढ़ाना है। उनके स्कूल में उपस्थित नहीं होने से विद्यार्थियों की पढ़ाई और शैक्षणिक व्यवस्था प्रभावित हो रही है। याचिका में दावा किया गया है कि शिक्षा विभाग और स्कूल स्तर से शिक्षक को वापस विद्यालय में उपस्थित होने के लिए कहा गया था। इसके बावजूद वे स्कूल में वापस नहीं लौटे। इसी आधार पर हाईकोर्ट से मांग की गई है कि शिक्षक को वापस उनके मूल विद्यालय में भेजा जाए, ताकि वे विद्यार्थियों को पढ़ाने का अपना मूल दायित्व निभा सकें। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

## जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों का हुआ स्वागत

**नवभारत, जबलपुर।** ट्रांसपोर्ट नगर व्यापारी संघ द्वारा शुक्रवार को जिला एवं सत्र न्यायालय जबलपुर में जिला बार एसोसिएशन के चुनाव में निर्वाचित अध्यक्ष एडवोकेट मनीष मिश्रा, निर्वाचित सचिव एडवोकेट शैलेंद्र सिंह ठाकुर एवं अन्य पदाधिकारियों का स्वागत फूल माला पहनाकर, गुलाब की पंखुड़ी की वर्षा कर, पटाखे फोड़कर और मिष्ठान वितरण करके किया गया। इस अवसर पर राजेश अग्रवाल, परमवीर सिंह आहूजा, विराग पौराणिक, सुधीर भागचंदानी, राजू जैन, संजय उपाध्याय, रुपेश अग्रवाल, गोविंद राय, जयेश ओझा, प्रमोद मोदी, वासुदेव कटारिया, मिलन शुक्ला, मनीष विश्वकर्मा, दालचंद विश्वकर्मा, अरविंद जैन, संदीप साहू और हरिकल कौशल मालगुजार सहित अनेक ट्रांसपोर्टर उपस्थित रहे।

**Lost and Found**

MMD Kolkata द्वारा जारी EXN-45(144836) दस्तावेज सगरा, रीवा क्षेत्र में खो गया है. यदि किसी को यह दस्तावेज मिले हों तो कृपया श्री संदीप सिंह से मोबाइल नंबर 89629 88936 पर संपर्क करें.

# पुजारियों की नियुक्ति संबंधी मामले में जवाब के लिये मोहलत

**नवभारत, जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट में सरकार द्वारा नियंत्रित मंदिरों में पुजारियों की नियुक्ति में एसटी-एससी और ओबीसी वर्ग को अवसर नहीं दिए जाने का आरोप लगाते हुए याचिका दायर की गई है। एक्टिंग चीफ जस्टिस विवेक रूसिया और जस्टिस प्रदीप मित्तल की युगलपीठ ने मामले में राज्य सरकार को जवाब पेश करने चार सप्ताह की मोहलत दी है।

यह जनहित याचिका अजाक्स भोपाल के सचिव एमसी अहिरवार की ओर से दायर की गई है। जिसमें मध्य प्रदेश सरकार के नियंत्रण वाले मंदिरों में पुजारियों की नियुक्ति की प्रक्रिया पर सवाल उठाए गए हैं। याचिकाकर्ता का कहना है कि राज्य सरकार के धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के प्रमुख सचिव ने 4 फरवरी 2019 को एक आदेश जारी किया था। इसके माध्यम से सरकार द्वारा नियंत्रित मंदिरों में पुजारियों की नियुक्ति को लेकर नीति निर्धारित की गई थी। इसी नीति और उसके तहत होने वाली नियुक्तियों को लेकर याचिका में आपत्ति जताई गई है। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया है कि पुजारी पद पर नियुक्ति की प्रक्रिया में केवल ब्राह्मण समुदाय को स्थान दिया जा रहा है, जबकि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों की अनदेखी की जा रही है। याचिका में दावा किया गया है कि जाति के आधार पर अन्य वर्गों को पुजारी बनने के अवसर से वंचित करना उनके अधिकारों का उल्लंघन है। इसी आधार पर हाईकोर्ट से राज्य सरकार की पुजारी नियुक्ति व्यवस्था की समीक्षा करने की मांग की गई है। उक्त मामले में न्यायालय ने जवाब के लिये चार सप्ताह की मोहलत प्रदान की है।

# उदयन वाजपेयी 28 अक्टूबर को देंगे पांचवां डॉ. जेएस मूर्ति व्याख्यान

**नवभारत, जबलपुर।** मीडिया स्टडी सर्किल के तत्वावधान में 28 अक्टूबर को पांचवें डॉ. जेम्स सुंदर मूर्ति स्मृति व्याख्यानमाला का आयोजन किया जाएगा, जिसमें देश के जाने-माने वरिष्ठ साहित्यकार, पत्रकार, संस्कृतिविद् एवं गाँधी मेडिकल कॉलेज भोपाल में वरिष्ठ प्रोफेसर उदयन वाजपेयी मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होकर 'साहित्य एवं पत्रकारिता के विविध आयाम : कल, आज और कल' विषय पर अपना व्याख्यान देंगे। देश के अग्रणी कवि, लेखक, अनुवादक और वरिष्ठ मीडिया विश्लेषक उदयन वाजपेयी कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित हैं तथा उनके द्वारा लिखित एवं अनूदित पुस्तकों का संसार विपुल है, जिसमें विश्व की अनेक भाषाओं



उदयन वाजपेयी



डॉ. जे.एस. मूर्ति

के लेखकों की कालजयी किताबों के अनुवाद भी शामिल हैं। यह आयोजन जिन डॉ. जेम्स सुंदर मूर्ति की स्मृति में हो रहा है, वे स्वयं एक लब्धप्रतिष्ठ फोटोग्राफ़र, लेखक एवं संचार अध्ययन विशेषज्ञ थे, जिनके चित्र दुनिया के अनेक देशों में प्रदर्शित किये गए हैं। डॉ. मूर्ति को अमेरिकन सोसायटी ऑफ़ पोएट्स द्वारा 'पोएट ऑफ़ दी ईयर' के ख़िताब से नवाज़ा गया था तथा भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने उन्हें वर्ष 1989 के राष्ट्रीय भारतेंदु हरिश्चंद्र पुरस्कार से सम्मानित किया था। मात्र 16 बरस की उम्र में वर्ष 1954 में कर्नाटक के एक गाँव से जबलपुर आए जे. एस. मूर्ति ने अपना पूरा जीवन जबलपुर को समर्पित किया था और शहर के कला, साहित्य, अकादमिक एवं सांस्कृतिक जीवन को समृद्ध करने में उनका योगदान अविस्मरणीय है। मूर्ति का निधन 28 अक्टूबर 2019 को हुआ था।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, एक मारुति फ्रोंग्स कार जिसका पंजीयन क्रमांक MP20 ZH 1656 है जो कि वर्तमान मे श्री हरीश चन्द्र सूरी आत्मज भोला नाथ सूरी निवासी सिविल लाइंस कटनी के नाम पर पंजीकृत है। श्री हरीशचन्द्र सूरी की मृत्यु हो चुकी है, अतः उनकी पत्नी श्रीमति स्वर्णा सूरी एवं उनका पुत्र आकाश सूरी उनके उत्तराधिकारी हैं। श्रीमति स्वर्णा सूरी, जो कि शारीरिक रूप से चलने फिरने मे असमर्थ है, उन्होने अपने पूर्ण होश हवास मे एवं बिना किसी दबाव के श्री हरीश चन्द्र सूरी के नाम पर पंजीकृत उक्त कार (MP20 ZH 1656) का अंतरण आकाश सूरी पुत्र स्व. श्री हरीशचन्द्र सूरी के नाम पर अंतरण किए जाने हेतु अपनी सहमति प्रदान कर दी है।

उकतानुसार श्री आकाश सूरी आत्मज स्व. हरीशचन्द्र सूरी द्वारा उक्त वाहन उनके (आकाश सूरी) नाम पर अंतरण किए जाने हेतु क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय मे आवेदन किया जा रहा है। यदि किसी व्यक्ति / संस्था को उक्त कार (MP20 ZH 1656) को आवेदक आकाश सूरी आत्मज स्व. हरीशचन्द्र सूरी के पक्ष मे अंतरण किये जाने के संबंध मे कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन से 7 दिन की अवधि मे क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय जबलपुर में अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है।

भवदीय,
प्रवीण कुमार (अधिवक्ता)
कार्यालय - MIG 38, शिमला हिल्स,
मदन महल, जबलपुर, 482001

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार श्री रजनीकांत कठल पिता स्व.श्री लखनलाल कठल उम्र लगभग 64 वर्ष निवासी राइट टाउन जबलपुर म.प्र. की ओर से अधिकृत होकर आम जनता एवं सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेरे पक्षकार रजनीकांत कठल का पुत्र रजत कठल उम्र लगभग 32 वर्ष पिता रजनीकांत कठल को उसकी परिवार विरोधी गतिविधियों एवं माता-पिता के प्रति उसकी जिम्मेदारी को न निभाने के कारण,एवं पारिवारिक कारणों से मेरे पक्षकार रजनीकांत कठल अपनी स्वअर्जित/खानदानी संपूर्ण चल एवं अचल सम्पत्ति से हमेशा के लिए बेदखल करते हैं।यह कि रजत कठल मेरे पक्षकार के साथ निवासरत नहीं है। आज दिनांक से मेरे पक्षकार रजनीकांत कठल एवं परिवार के द्वारा रजत कठल द्वारा किये जाने वाले किसी भी प्रकार के लेन-देन ,निर्णय, किसी भी प्रकार के वित्तीय ,सामाजिक तथा कानूनी कार्य के प्रति मेरे पक्षकार उत्तरदायी नहीं होगें एवं रजत कठल द्वारा किये जाने वाले किसी भी कार्य के प्रति मेरे पक्षकार की कोई जवाबदारी नहीं रहेगीं। यह आम सूचना, सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित की जा रही है जो सनद रहे, वक्त जरूरत पर काम आवे। अब से मेरे पक्षकार का रजत कठल से उनकी जायदाद व व्यापार में किसी भी प्रकार का हक, अधिकार व हिस्सा नहीं रहेगा न ही वह कानूनी रूप से अधिकारी रहेगा।
जबलपुर दिनांक-01.08.2026 भवदीय

एस. के. गुप्ता एड.
ऑफिस- नेपियर टाउन,शास्त्री ब्रिज चौक
जबलपुर वास्ते- रजनीकांत कठल

प्रवेश

एक मई से शुरू हुई थी प्रवेश प्रक्रिया, विज्ञान और रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों में रहा छात्राओं का रुझान

# एमएच महाविद्यालय में 1350 छात्राओं ने लिया प्रवेश

**नवभारत, जबलपुर।** शासकीय मोहनलाल हरगोविंददास गृहविज्ञान एवं विज्ञान महिला (स्वशासी) महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया 31 जुलाई को सफलतापूर्वक संपन्न हो गई। एक मई से शुरू हुई इस प्रक्रिया के दौरान स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के विभिन्न पाठ्यक्रमों में करीब 1350 छात्राओं ने प्रवेश लिया। अंतिम दिन भी प्रवेश के लिए छात्राओं की अच्छी-खासी भीड़ महाविद्यालय परिसर में देखने





को मिली। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. समीर कुमार शुक्ल ने बताया कि इस वर्ष भी छात्राओं ने विज्ञान, गृहविज्ञान एवं रोजगारोन्मुखी व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में विशेष रुचि दिखाई। महाविद्यालय में वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, जैव रसायन, जैव प्रौद्योगिकी, सूक्ष्मजीव विज्ञान, कंप्यूटर साइंस, कंप्यूटर एप्लीकेशन, क्लिनिकल न्यूट्रिशन, हेल्थ केयर मैनेजमेंट, खाद्य एवं पोषण, मानव विकास, गणित, भौतिकी, वस्त्र एवं परिधान तथा फैशन डिजाइनिंग (पीजी डिप्लोमा) सहित अनेक पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।

### नए शैक्षणिक सत्र की तैयारियां शुरू

प्रवेश प्रभारी डॉ. के. एम. भाटिया ने बताया कि निर्धारित समयावधि में प्रवेश प्रक्रिया शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से पूरी हुई। अब महाविद्यालय नए शैक्षणिक सत्र की तैयारियों में जुट गया है। आगामी दिनों में नवप्रवेशित छात्राओं के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे तथा नियमित कक्षाओं का संचालन शुरू किया जाएगा।

### गुणवत्तापूर्ण शिक्षा बनी छात्राओं की पहली पसंद

प्रवेश प्रक्रिया के दौरान छात्राओं के दस्तावेजों का सत्यापन, विषय चयन एवं अन्य औपचारिकताएं सुव्यवस्थित ढंग से पूरी कराई गईं। कॉलेज प्रशासन के अनुसार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुभवी प्राध्यापक, आधुनिक प्रयोगशालाएं, सुरक्षित परिसर और रोजगारपरक पाठ्यक्रमों के कारण हर वर्ष बड़ी संख्या में छात्राएं इस संस्थान को अपनी पहली पसंद के रूप में चुन रही हैं।

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर**

**चतुर्थ निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | PRO-448 DATE-01/08/2026 | संभाग क्र.11 के दादा ईश्वरदास रोहाणी वार्ड क्र. 79 में सोनपुर में मुक्तिधाम में फॅसिंग गंट शेड एवं अन्य निर्माण कार्य। | 03 month | 2000.00 | 17/08/2026 |
| | 2026_UAD_520416_1 | | 3.22 | 3228.00 | |
| 2. | PRO-448 DATE-01/08/2026 | संभाग क्र.11 के दादा ईश्वरदास रोहाणी वार्ड क्र. 79 में सैनिक सोसायटी के सार्वजनिक स्थान पर शेड निर्माण कार्य। | 03 month | 2000.00 | 17/08/2026 |
| | 2026_UAD_520416_2 | | 2.52 | 2527.00 | |
| 3. | PRO-448 DATE-01/08/2026 | संभाग क्र.11 के दादा ईश्वरदास रोहाणी वार्ड क्र. 79 में पिपरिया में श्री संदीप यादव जी के घर से पिछले हिस्से से श्री जितेन्द्र प्रजापति जी के घर तक नाली निर्माण कार्य। | 03 month | 2000.00 | 17/08/2026 |
| | 2026_UAD_520416_3 | | 1.66 | 3320.00 | |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट https://mptender.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री नगर पालिक निगम जबलपुर